दिनांकः 13.03.2026
समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर से प्रस्तुत हैं
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम से पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी की–कहा–ये योजना किसानों के लिए सामाजिक सुरक्षा का मजबूत माध्यम बनी है।

- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने लोगों को भरोसा दिलाया है कि सरकार उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

- एसओजी ने तृतीय शिक्षक भर्ती परीक्षा 2022 में फर्जी खेल प्रमाण पत्रों के आधार पर नौकरी पाने की कोशिश के मामले में 19 अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया।

- राजस्थान दिवस के उपलक्ष में कल से प्रदेशभर में कार्यक्रमों का आगाज़ स्वच्छता अभियान के साथ होगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज असम के गुवाहाटी से पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 22वीं किस्त जारी की। इसमें देश के 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 640 करोड़ रूपये से अधिक की सम्मान राशि सीधे हस्तान्तरित की गई। इनमें राजस्थान के 66 लाख 76 हजार से अधिक किसानों के बैंक खातों में 1 हजार 335 करोड़ रूपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा है कि केन्द्र सरकार किसानों के हित के लिए कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए सामाजिक सुरक्षा का मजबूत माध्यम बनी है।

------------------------

इधर, जयपुर के दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबन्धन संस्थान में 'पीएम किसान उत्सव दिवस' का राज्य स्तरीय समारोह रखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अब तक 22 जिलों में किसानों को दिन के समय बिजली उपलब्ध कराने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने यमुना जल समझौते और ईआरसीपी परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि किसानों की सहूलियत के लिए सिंचाई और जल प्रबंधन के क्षेत्र में ठोस कदम उठाये जा रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि किसान सम्मान निधि की राशि को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया गया है और अन्य कृषि योजनाओं के बजट आवंटन में भी बढ़ोतरी की गई है।

-----------------------

000

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि भारत पेट्रोल और डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है और इनके आयात की कोई आवश्यकता नहीं है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि देश की रिफाइनरियों के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने आमजन से किसी भी परिस्थिति में नहीं घबराने की अपील की है। संयुक्त सचिव ने कहा कि जिन वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को एलपीजी आपूर्ति में कठिनाई हो रही है, वे पीएनजी कनेक्शन के लिए अपने स्थानीय गैस वितरण प्रदाता से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास कर रही है।

इस बीच, केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने होटल और पर्यटन उद्योग को राहत देते हुए कॉमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाने की घोषणा की है। श्री शेखावत ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बैठक कर गैस आपूर्ति की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि व्यवसायों को उनकी औसत मासिक वाणिज्यिक गैस आवश्यकता का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा आज से ही उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही होटलों और रेस्तरां के लिए गैस की अतिरिक्त आपूर्ति की व्यवस्था भी की जा रही है।

इधर, प्रदेश में भी रसोई गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन लगातार निगरानी रख रहा है। भीलवाड़ा, श्रीगंगानगर, जैसलमेर और अजमेर सहित विभिन्न जिलों में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर जिला कलेक्टरों ने स्थिति स्पष्ट की है। भीलवाड़ा जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि जिले में रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति नियमित रूप से जारी है। उपभोक्ता किसी भी समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।
वहीं, अजमेर में जिला कलेक्टर लोकबंधु और पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण कर स्टॉक और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने बताया कि जिले की सभी तिरपन एजेंसियों की जांच के लिए अधिकारियों को तैनात किया गया है। उन्होंने एजेंसी संचालकों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को रसोई गैस की आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी या देरी नहीं करने के निर्देश दिये। उन्होंने आमजन से अफवाहों पर ध्यान न देने और पैनिक बुकिंग से बचने की अपील की।

000

प्रदेश में प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के तहत गोडावण के संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम ने अपने चौथे वर्ष में प्रवेश कर लिया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस उपलब्धि के लिए वन विभाग के अधिकारियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि जैसलमेर स्थित प्रजनन केन्द्र में इस सप्ताह दो नये चूजों का जन्म हुआ है। इसके साथ ही कृत्रिम आवास में इन पक्षियों की कुल संख्या 70 हो गई है। श्री यादव ने जानकारी दी कि इस वर्ष केंद्र में पाले गए कुछ चूजों को चरणबद्ध तरीके से जंगल में छोड़ा जाएगा।

000

भरतपुर के विश्व प्रसिद्ध केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में कई दशकों बाद साइबेरिया का दुर्लभ पक्षी बायकाल टील देखा गया है। उद्यान के निदेशक चेतन कुमार ने बताया कि यह रंग–बिरंगा पक्षी हजारों किलोमीटर का सफर तय कर यहां पहुंचा है। अपने चेहरे पर 'पेंटेड मास्क' जैसी आकृति के लिए मशहूर इस प्रजाति का इतने वर्षों बाद दिखाई देना वन्यजीव प्रेमियों और विशेषज्ञों के लिए विशेष महत्व रखता है।

--------------

000

एसओजी ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा–2022 में फर्जी खेल प्रमाण पत्रों के आधार पर नौकरी पाने के प्रयास के मामले में 19 अभ्यर्थियों सहित कुल 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल ने बताया कि ताईक्वाण्डो खेल के फर्जी प्रमाण पत्रों और उनकी झूठी सत्यापन रिपोर्ट के जरिए उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटे से शिक्षक बनने की कोशिश की जा रही थी। कार्रवाई के तहत एसओजी की टीम ने कल राजस्थान के 14 जिलों और हरियाणा में एक साथ छापेमारी कर इन आरोपियों को पकड़ा है।

000

राजस्थान दिवस के उपलक्ष में कल से प्रदेशभर में साप्ताहिक समारोह का आगाज़ होने जा रहा है। 19 मार्च तक चलने वाले इन आयोजनों के दौरान स्वच्छता, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से प्रदेश की कला और विरासत का प्रदर्शन किया जाएगा। विभिन्न जिलों में कल से जिला स्तरीय स्वच्छता सप्ताह की शुरूआत होगी। इसके तहत ग्राम पंचायत और ब्लॉक स्तर के

साथ–साथ राजकीय कार्यालयों में भी विशेष सफाई अभियान चलाए जाएंगे। 15 मार्च को विकसित राजस्थान रन निकाली जाएगी।

000

बालोतरा में आज एक कपड़ा फैक्ट्री में जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। यह हादसा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक मिल में उस समय हुआ जब मजदूर स्लज टैंक की सफाई के लिए टैंक में उतरे थे। उन्हें राजकीय नाहटा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार मजदूरों को बिना सुरक्षा उपकरणों के टैंक में उतारा गया था। पुलिस और प्रशासन ने घटना के संबंध में फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

000

प्रदेश में कल से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार है। मौसम विभाग ने इसके असर से कई स्थानों पर अंधड और बारिश की संभावना जताई है। अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं गरज के साथ आंधी और बारिश की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कई स्थानों पर कल बादल छाये रहे और मध्यम हवायें चली। वहीं तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।

---------------

000